राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्व विद्यालय

कार्यालय उद्यान शास्त्री फल अनुसंधान केन्द्र ईंटखेड़ी बेरसिया रोड, भोपाल

मो नं. 9406517978, 9617253054, 9303315367

दिनांक : 03/09/24

क्रमांक फ.अ.के. /2024–25/ 193

पुनः निविदा सूचना

सभी इच्छुक खरीददारों को सूचित किया जाता है कि फल अनुसंधान केन्द्र ईंटखेड़ी, बैरसिया रोड भोपाल में अमरूद मुख्य बगीचा के साथ 5 बेर के पेड़ फसल वर्ष 2024–25 एवं पाहरूआ बगीचा के साथ 18 नीबूं, 12 बेर एवं 15 आवंला फसल वर्ष 2024–25 के पुनः विक्रय हेतु टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। कार्यालय उद्यान शास्त्री फल अनुसंधान केन्द्र ईंटखेड़ी में नीलामी की तिथि पर, अधिष्ठता कृषि महाविद्यालय सीहोर द्वारा गठित समिति के समक्ष अमरूद फसल वर्ष 2024–25 को पुनः नीलामी द्वारा विक्रय किया जावेगा। इच्छुक खरीददार को अपने–अपने भावपत्र निर्धारित प्रपत्र में भरकर अपराहंत 1.00 बजे तक कार्यालय में जमा करने होगे। इसके बाद प्राप्त टेण्डरों पर विचार नहीं किया जावेगा। टेण्डर दिनांक 11.09.2024 को 2.00 बजे अधिष्ठता कृषि महाविद्यालय,सीहोर द्वारा गठित नीलामी समिति के समक्ष खोले जावेगे। जिसकी शर्ते निम्न होगीः–

1. प्रत्येक टेण्डर प्रेषक को मुख्य अमरूद मुख्य बगीचे के लिये रु 25,000/–, पाहरूआ अमरूद बगीचे के लियें रु 25000/– की राशि अमानत राशि के रूप में नगद्द जमा करनी होगी। यह राशि टेण्डर न खुलने पर नीलामी के बाद पावती रसीद जमा करने पर वापस दी जावेगी एवं जिस भी ठेकेदार की नीलामी के लिए सर्वाधिक राशि होगी उसकी अमानत राशि फसल अवधि समाप्त होने तक कार्यालय में जमा रहेगी एवं अवधि पूर्ण होने पर वापस की जायेगी। फसल अवधि के दौरान कार्यालय या प्रक्षेत्र की संपत्ति को ठेकेदार द्वारा किसी भी प्रकार की क्षति पहुचाने पर अमानत राशि से प्रतिपूर्ति की जायेगी।
2. स्वीकृत टेण्डर की पूरी रकम ठेकेदार को 24 घण्टे में जमा करनी होगी यदी इस बीच कोई अवकाश आता है तो आगामी कार्यालयीन दिवस में जमा होगी। ऐसा न करने पर द्वितीय स्थान वाले खरीददार को स्वीकृत टेण्डर की राशि (प्रथम स्थान वाले खरीददार की दर) पर क्रय करने का अवसर दिया जावेगा।
3. अमरूद फसल(नीबूं, बेर एवं आवंला फसल) तोड़ने की अंतिम तिथि 20.03.25 होगी।
4. किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने पर अधिष्ठता, आर.ए.के. कृषि महाविद्यालय सीहोर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
5. अमरूद(नीबूं, बेर एवं आवंला) फसल बगीचे का अवलोकन खरीददार स्वयं आकर कर सकते है।
6. फसल की चौकीदारी, रखरखाव एवं किसी भी तरह के नुकसान की पूर्ण जवाबदारी स्वयं ठेकेदार की होगी।
7. अमरूद(नीबूं, बेर एवं आवंला) फसल वर्ष 2024–25 तुड़ाई के समय श्रमिकों के साथ हुई किसी भी तरह की दुर्घटना की जवाबदारी स्वयं ठेकेदार की होगी।
8. अमरूद(नीबूं, बेर एवं आवंला) फसल की अवधि के दौरान प्रत्येक जाति के 50–50 फल प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु ठेकेदार द्वारा इस कार्यालय को निःशुल्क उपलब्ध कराने होगें।
9. उचित कीमत न आने पर टेण्डर/नीलामी निरस्त की जा सकती है।
10. अमरूद एवं नीबूं फसल की गूटी काटने पर ठेकेदार को कोई आपत्ति नहीं होगी।
11. सिंचाई पानी उपलब्ध रहने पर ही दिया जा सकेगा। अधिकतम 3 पानी
12. कीटनाशक दवा एवं फफूंद नाशक दवा ठेकेदार को प्रदाय की जावेगी तथा छिड़काव की जवाबदारी ठेकेदार की होगी।
13. नीलामी के पश्चात फल वृक्षों में हवा, आंधी, तूफान रोग एवं कीट व्याधि से हुए नुकसान की जवाबदारी स्वयं ठेकेदार की होगी। अन्तवर्तीय फसलों की खेती की जावेगी इस सम्बंध में ठेकेदार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
14. ठेकेदार को अपने निवास का पूर्ण पता राशन कार्ड/फोटो परिचय पत्र की छायाप्रति जमा करनी होगी जिससे उसके निवास का पता प्रमाणित हो सके।
15. ठेकेदार को अलग से अस्थाई विघुत कनेकशन बिंजली जलाने के लिये लेना होगा।
16. अधिकतम निविदा बोली की राशि स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार समिति को होगा। साथ ही अधिकतम बोली हेतु निगोशएशन (बातचीत) सभी पार्टियों से एक साथ या अलग–अलग की जा सकेगी। समिति के आंकलन अनुसार सबार्धिक राशी प्राप्त होने पर नेगोशियेशन नहीं किया जायेगा।
17. टेण्डर की अधिकतम राशि समय पर जमा ना होने पर निविदाकर्त्ता की जमानत राशि वापिस नहीं की जावेगी।
18. ठेकेदार द्वारा नीलामी की राशि नगद्द या डी. डी. के माध्यम से नियमानुसार जमा करनी होगी।
19. फल अनुसंधान केन्द्र ईंटखेड़ी बैरसिया रोड पर 11वें किलोमीटर पर बायें तरफ स्थित है।

नोट :– विशेष जानकारी हेतु प्रभारी फल अनुसंधान केन्द्र, ईंटखेड़ी से सम्पर्क करें।

प्रभारी प्रक्षेत्र

फल अनुसंधान केन्द्र, ईंटखेड़ी

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय,ग्वालियर (म.प्र.)
फल अनुसंधान केंद्र, बैरसिया रोड, ईंटखेड़ी, भोपाल (म.प्र.)
मो- 9406517978

क्रं/फ.अ.के./2024-25/ 156

दिनांक: 08/08/2024

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय,ग्वालियर
फल अनुसंधान केंद्र, ईंटखेड़ी, बैरसिया रोड, भोपाल (म.प्र.)

निविदा सूचना

फल अनुसंधान केंद्र, ईंटखेड़ी, बैरसिया रोड, भोपाल में अमरुद, नीबूं, बेर एवं आवंला फसल वर्ष 2024-25 की निलामी हेतु दिनांक 21.08.2024 को निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्ते www.rvskvv.net पर उपलब्ध है।

प्रभारी प्रक्षेत्र
फल अनुसंधान केंद्र,ईंटखेड़ी

Scanned with ACE Scanner